कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) सूरजपुर, जिला—सूरजपुर (छ0ग0)

संयुक्त जिला कार्यालय भू—तल, कक्ष क्रमांक G-3
E-Mail ID – actwsurajpu@gmail.com

क्रमांक / 1595 / स्था. / आदि.वि. / वि.पि.ज. / 2022—23 सूरजपुर दिनांक 08/09/2022

सूरजपुर जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति हेतु नियुक्ति विज्ञप्ति

छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग के कम्प्यूटर क्रमांक 2022—01—00160 दिनांक 20-05-2022 द्वारा सहमति एवं सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्र. एफ 13—19 / 2012 / आ.प्र. / 1—3 नवा रायपुर दिनांक 27-06-2022 द्वारा **"विशेष पिछड़ी जनजाति"** के पात्र युवाओं को उनकी पात्रतानुसार जिले में सीधी भर्ती के रिक्त पदों के विरुद्ध भर्ती करने की स्वीकृति प्राप्त होने के फलस्वरूप तथा सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्र. एफ 13—19/2012/आ.प्र./1—3 नया रायपुर दिनांक 20-02-2014 में निहित निर्देशों के अधीन जिला सूरजपुर के विभिन्न विभागों से प्राप्त रिक्तियों के विरुद्ध पदों में भर्ती हेतु **केवल सूरजपुर जिले के विशेष पिछड़ी जनजातियों के अभ्यर्थियों** से निम्नानुसार पद पर **कार्यालय सहायक आयुक्त, कक्ष क्रं. G—3 संयुक्त जिला कार्यालय सूरजपुर** में **दिनांक 19-09-2022 तक** आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं:—

क्रं	पद का नाम	PVTG हेतु रिक्त पदों की संख्या	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता
1	2	3	4
वेतनमानः 25300—80500 (लेवल—6) कार्यालयः जिला शिक्षा अधिकारी जिला— सूरजपुर (छ.ग)			
1	सहायक शिक्षक	37	उच्चतर माध्यमिक अथवा इसके समकक्ष उत्तीर्ण

नियम एवं सामान्य शर्तेः—

1. विज्ञापित पदों की संख्या में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकता है। किसी भी प्रकार की विवाद की स्थिति मे कलेक्टर, जिला सूरजपुर (छ.ग.) का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

2. सभी पदों में भर्ती हेतु केवल सूरजपुर जिले के निवासी विशेष पिछड़ी जनजाति के अभ्यर्थी आवेदन के लिए पात्र होंगे । आवेदन के साथ निवास प्रमाण पत्र एवं स्थायी जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

3. अभ्यर्थी की आयु दिनांक 01-07-2022 को 21 वर्ष से कम एवं 40 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। आयु सीमा में छुट के संबंध में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन किया जाएगा।

4. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताः अभ्यर्थी को उच्चतर माध्यमिक अथवा इसके समकक्ष उत्तीर्ण होना आवश्यक है। सहायक शिक्षक की नियुक्ति दिनांक से 5 वर्ष के भीतर, नियुक्ति हेतु व्यावसायिक अहर्ता जैसे डी.एड. अथवा बी.एड. जैसे भी आवश्यक हो, अभिप्राप्त करनी होगी।

5. परिवीक्षा अवधिः चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति 03 वर्ष की परिवीक्षा पर की जाएगी। परिवीक्षा अवधि मे प्रथम वर्ष मे वेतनमान के न्यूनतम का 70 प्रतिशत, द्वितीय वर्ष मे वेतनमान के न्यूनतम का 80 प्रतिशत एवं तृतीय वर्ष मे वेतनमान के न्यूनतम का 90 प्रतिशत स्टायपेंड देय होगा। किन्तु इस अवधि मे स्टायपेंड के साथ अन्य भत्ते अन्य कार्यरत कर्मियों की तरह प्राप्त होंगे।

आवेदन करने की अंतिम तिथिः 19-09-2022 (सोमवार) संध्या 5:30 बजे तक
आवेदन हेतु कार्यालय का पताः कार्यालय सहायक आयुक्त, कक्ष क्रं. G—3 संयुक्त जिला कार्यालय सूरजपुर

(कलेक्टर महोदया द्वारा अनुमोदित)

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास सूरजपुर
जिला सूरजपुर (छ0ग0)

पृ. क्रमांक /1596/ स्था. / आदि.वि. / वि.पि.ज. / 2022–23 सूरजपुर दिनांक 08/09/2022

प्रतिलिपी :–

1. आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, डी.ब्लाक इन्द्रावती भवन नया, रायपुर छ0ग0 को सादर सूचनार्थ।
2. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, तृतीय ब्लाक इन्द्रावती भवन नया, रायपुर छ0ग0 को सादर सूचनार्थ।
3. आयुक्त सरगुजा संभाग, अंबिकापुर जिला सरगुजा को सादर सूचनार्थ।
4. संयुक्त संचालक सरगुजा संभाग, अंबिकापुर जिला सरगुजा को सादर सूचनार्थ।
5. सहायक संचालक, जनसम्पर्क विभाग जिला सूरजपुर को प्रेषित कर लेख है कि कृपया स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों मे 3 दिवस प्रकाशन करवाने का कष्ट करें ।
6. सर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत जिला सूरजपुर को विशेष पिछड़ी जनजाति ग्रामों मे आवश्यक प्रचार–प्रसार करने हेतु प्रेषित ।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास सूरजपुर
जिला सूरजपुर (छ0ग0